हिंदी दैनिक
# मेट्रो सिटी
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 15 जून 2025

## स्क्रैप दुकान के गार्ड पर जानलेवा हमला
### सीसीटीवी में कैद हुए हमलावर, पुलिस कर रही तलाश

**नागपुर.** नंदनवन थाना अंतर्गत वाठोडा रिंग रोड स्थित शिव शंकर लॉन के पास बीती रात एक स्क्रैप दुकान के गार्ड पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गार्ड को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय अब्दुल रहीम शेख हुसैन के रूप में हुई है, जो साइ बाबा नगर का निवासी है और अपने जवाई की दुकान "दानिश ताजी स्क्रैप सेंटर" में गार्ड की नौकरी करता है। गुरुवार रात करीब 1 बजे अब्दुल दुकान के बाहर सो रहे थे, तभी एक कार में सवार अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और सोई हुई हालत में ही उन पर हमला कर दिया।

# चुनाव प्रचार का बदला स्वरूप
### > अब शोर-शराबे से हटकर मोबाइल और सोशल मीडिया पर लड़ा जा रहा चुनाव

**नागपुर.**

नागपुर में जल्द ही महानगर पालिका के चुनाव होने वाले हैं। जिसको लेकर चुनाव आयोग सहित तमाम राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव माने जाने वाले चुनाव का स्वरूप अब तेजी से बदल रहा है। पहले जहां प्रचार के लिए गली-मोहल्लों में शोरगुल, नारों की गूंज, लाउडस्पीकरों की आवाजें और पोस्टर-बैनर की भरमार देखी जाती थी, अब उस पारंपरिक ढांचे को पीछे छोड़ते हुए प्रचार पूरी तरह हाईटेक हो गया है। आज का चुनाव प्रचार अब आपके जेब में रखे मोबाइल फोन की स्क्रीन पर सिमट आया है।

पारंपरिक तरीकों जैसे जनसभाएं, रैली, पोस्टर, दीवार लेखन, प्रचार वाहन अब धीरे-धीरे तकनीक की दौड़ में पिछड़ते जा रहे हैं। बदलती टेक्नोलॉजी, डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने प्रचार के इस स्वरूप को एक नया मोड़ दे दिया है। यह सिर्फ प्रचार का बदलाव नहीं, बल्कि एक संपूर्ण राजनीतिक संचार क्रांति है।

पहले चुनाव प्रचार का मतलब था, रैली, नारे, झंडे, दीवारों पर चित्र और गली-गली घूमते प्रचार वाहन। आज इनकी जगह ले ली है डिजिटल विज्ञापन, मोबाइल ऐप्स, फेसबुक लाइव, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और व्हाट्सएप संदेशों ने। अब मतदाताओं तक पहुंचने का सबसे प्रभावी और सीधा माध्यम उनका



मोबाइल फोन है। एक क्लिक में एक पार्टी या उम्मीदवार लाखों लोगों तक अपना संदेश पहुंचा सकता है, और यह सब बिना किसी शारीरिक उपस्थिति या भारी खर्च के संभव है। 2024 और अब 2025 के नगर निकाय चुनावों में सोशल मीडिया सबसे बड़ा प्रचार माध्यम बनकर उभरा है। हर प्रमुख राजनीतिक दल अब डिजिटल टीम गठित कर रहा है, जो 24 घंटे फेसबुक, ट्विटर (X), इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहती है।

कौन मतदाता किस मुद्दे पर संवेदनशील है?

किस क्षेत्र में विकास का वादा असर डालेगा और कहां जातीय समीकरण?

किस मतदाता को हिंदी में संदेश भेजना है, किसे मराठी में?

यह सारी रणनीति अब डेटा से तय होती है। हर उम्मीदवार के पीछे एक तकनीकी टीम होती है जो इस जानकारी के आधार पर विज्ञापन, वीडियो, ऑडियो और इमेज बना रही है।

माइक्रो-टार्गेटिंग और वोटर मैनेजमेंट

राजनीतिक दल अब आम जन को नहीं, बल्कि "लक्षित मतदाता वर्ग" को साधने में विश्वास रखते हैं। 18-25 आयु वर्ग, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी — हर वर्ग के लिए अलग-अलग संदेश तैयार किए जाते हैं। इन्हें विशेष टूल्स द्वारा केवल उन्हीं को दिखाया जाता है।

**टेक्नोलॉजी की मदद से:**

हर बूथ का डेटा लाइव ट्रैक किया जा रहा है।

"वोट ट्रेंड" के आधार पर प्रचार बदला जा रहा है।

गूगल सर्च ट्रेंड्स से पता चल रहा है कि लोग क्या सोच रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में भी मोबाइल प्रचार की पहुंच

यह धारणा गलत साबित हो रही है कि डिजिटल प्रचार सिर्फ शहरी इलाकों में ही असरदार होता है। अब गांव-गांव तक 4G नेटवर्क, सस्ते स्मार्टफोन और यूट्यूब चैनलों की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में भी मोबाइल प्रचार की व्यापक पहुंच हो चुकी है। सरल भाषा में बनाए गए वीडियो, ऑडियो संदेश और मेसेज फारवर्डिंग अब गांवों के मतदाताओं को भी तेजी से प्रभावित कर रही है।

**नई तकनीक, नई चुनौतियाँ**

जैसे-जैसे प्रचार डिजिटल हो रहा है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ रहे हैं। फेक न्यूज़, मॉर्फ्ड वीडियो, भ्रामक आंकड़े और गलत जानकारी फैलाना अब बड़ी समस्या बन चुका है। चुनाव आयोग को बार-बार सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देनी पड़ रही है। इसके अलावा, डेटा प्राइवेसी और मतदाताओं की निजता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बिना अनुमति के संदेश भेजना और लोगों की निजी जानकारी का दुरुपयोग एक गंभीर मुद्दा बन रहा है।

### सोशल मिडिया के स्त्रोत

- इंस्टाग्राम रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स का उपयोग कर युवा मतदाताओं को टारगेट किया जा रहा है।
- फेसबुक लाइव और ट्विटर स्पेसेस के ज़रिए उम्मीदवार सीधे संवाद कर रहे हैं।
- व्हाट्सएप ग्रुप्स और ब्रॉडकास्ट लिस्ट्स से क्षेत्रीय मतदाताओं तक निजी तौर पर संदेश भेजे जा रहे हैं।
- एक उम्मीदवार का दिन अब जनसभा से अधिक “कंटेंट शेड्यूल” और "डिजिटल लाइव" तय करता है।

### डेटा एनालिटिक्स से प्रचार की दिशा तय

- राजनीतिक पार्टियाँ अब सिर्फ नारा नहीं गढ़ रहीं, बल्कि वोटर का डेटा भी खंगाल रहीं हैं। बिग डाटा, एआई और डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह तय किया जा रहा है कि किस इलाके में किस प्रकार का प्रचार प्रभावी रहेगा। रैलियों की जगह अब डिजिटल रोड शो
- जहां पहले चुनावी रैलियों में हजारों की भीड़ जुटाई जाती थी, अब उसकी जगह डिजिटल रोड शो और वर्चुअल रैलियाँ ने ले ली है। एक बार में पूरे जिले या राज्य के मतदाताओं से जुड़ना अब संभव हो गया है और वो भी बिना मंच, माइक और भीड़ के झंझट के।
- होलोग्राम तकनीक के माध्यम से एक ही समय पर कई स्थानों पर नेता के भाषण प्रसारित किए जा सकते हैं। लाइव चैट, कमेंट और पोल के ज़रिए प्रत्याशी मतदाताओं की बात सुन पा रहे हैं, कुछ सेकंड में जवाब भी दे पा रहे हैं।

# बाबा ताजुद्दीन दरगाह में आज होगा जश्ने विलायत

**नागपुर.**

पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने अपनी ज़िंदगी की आखरी हज करने के बाद मक्का और मदीना के बीच में ग़दिरे गुमनामी जगह पर हज़ारों (या सवा लाख) अपने अनुयायियों के सामने शेरे खुदा मौला अली अलैहिस्सलाम का हाथ अपने हाथ से उठा कर कहा "मन कुंतो मौलाहु फ़हाज़ा अलि मौला" यानी मैं जिसका मौला हूं, (मैं जिसका राजा हूं/ अभिभावक हूं/ हाकिम हूं) ये अली भी उसका मौला है। यानी ये मौला अली के उत्तराधिकारी बनाए जाने का साफ़ एलान था, इसी वजह से मौला अली से मुहब्बत करने वाले लोग इस दिन को यानी




इस्लामी कैलेंडर के आखरी महीने ज़िलहज कि 18 तारीख को जश्ने विलायत/ जश्ने ग़दीर या ईदे ग़दीर के नाम से मनाते हैं। हज़रत बाबा ताजुद्दीन र.अ भी हज़रत मौला अली अलैहिस्सलाम के घराने से हैं. उन्हीं के वंशज हैं लेहाज़ा आपके दरबार में भी सज्जादानशीन हज़रत सैय्यद बाबा युसूफ इक़बाल ताजी व सैय्यद ज़रबीर बाबा ताजी और सैय्यद तालीफ़ बाबा ताजी साहब की सरपरस्ती में जश्ने एलाने विलायत मनाया जाता है और दरबारे सरकार ताजुल औलिया में सभी कार्यक्रम इन्हीं के संरक्षण और उपस्थिति में होते हैं। इस साल भी 15 जुन 2025 रविवार के दिन ये जश्ने विलायत दरगाह हज़रत बाबा ताजुद्दीन में मनाया जा रहा है, जिसमें मुल्क के मशहूर क़व्वाल उस्ताद मुकर्रम अली वारसी की क़व्वाली होगी, बाबा ताजुद्दीन के दरबार में चादर पेश की जाएगी और लोगों को लंगर वितरित किया जाएगा।

# शांतिनगर के नलों में आ रहा गंदा पानी

**नागपुर.**

प्रभाग 21 के अंतर्गत शांतिनगर, जग्रुतिनगर और बांगडे प्लाट क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से नागरिकों को अपने घरों के नलों में गंदा पानी आने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नागरिकों ने इस समस्या की कई बार ओसींडब्लू के अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। नल में लगातार गंदा पानी आने से इलाके के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। नागपुर शहर (जिल्हा) कांग्रेस कमेटी के माथाडी कामगार विभाग के अध्यक्ष इरशाद अली ने बताया कि नगर निगम द्वारा 24 घंटे पानी सप्लाई देने का आश्वासन दिया गया



था, लेकिन असलियत में केवल एक घंटे ही पानी मिल पाता है।

वह भी नलों से आधा घंटा गंदा पानी बहता रहता है। इससे नागरिकों को पर्याप्त और स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। इरशाद अली ने ओसींडब्लू की इस लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परिसर के लोग गंदे पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का त्वरित समाधान करने की मांग की है।

यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो नागरिक तीव्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस समस्या के कारण क्षेत्र के निवासियों में भारी असंतोष व्याप्त है और वे अपनी आवाज बुलंद कर उचित स्वास्थ्य और पानी की व्यवस्था चाहते हैं।

## विमान हादसे में यात्रियों की मौत पर व्यापारियों ने दी श्रध्दांजलि



**नागपुर.** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब 260 लोगों की मौत तथा कई घायल हुए। 14 जून शनिवार को नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में व्यापारियों ने मृतकों को श्रध्दांजलि दी। सभी उपस्थित व्यापारियों ने मौन धारण कर मृतआत्मा को नागपुर के व्यापारियों के तरफ से श्रध्दांजलि देकर दुख व्यक्त किया। श्रध्दांजली कार्यक्रम में नागपुर चेंबर के अध्यक्ष कैलाश जोगानी, सचिव विजय जायस्वाल, पूर्व अध्यक्ष गोविंद पसारी, उपाध्यक्ष प्रदीप जाजू, महेन्द्र कटारिया-पूर्व अध्यक्ष, नाथाभाई पटेल, प्रशांत (सोनु) जग्यासी, सीए-मुकेश अग्रवाल, सीए-नितेश अग्रवाल, सीए-अखिल अग्रवाल, तरूण निर्बाण-उपाध्यक्ष, प्रदिप जाजु-वरिश्ठ उपाध्यक्ष, सीए-राहुल कावले, संजय पांडे, वसंत पालीवाल, सीए-अंकित साहु, हर्ष जोगानी, मुकेष अग्रवाल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल समेत सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने राष्ट्रीय शोक की घडी में संवेदना प्रकट करते हुए सरकार से मांग की, एक उच्चस्तरीय कमीटी बनाकर यथाशिघ्र दुर्घटना की जांच की जाए। ऐसी दुर्घटना पहले कभी नहीं हुई और ह एक सामान्य दुर्घटना नहीं है। सरकार को चाहिए की दुर्घटना का सटीक कारण ज्ञात करे। चेंबर के अध्यक्ष जोगानी ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सख्त उपयों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा ऐविएशन सेक्टर में समय पर विमान से ज्यादा सेफ्टी महत्वपूर्ण है। आजकल प्रायवेट कंपनियां सेफ्टी से ज्यादा समय पर फ्लाईट उडे इस पर ज्यादा जोर दे रही है।

# सेंट्रल इंडिया का पहला ग्रीनफील्ड कमर्शियल प्रोजेक्ट लॉन्च को तैयार

**नागपुर.**

अपने कमर्शियल ग्रोथ की कहानी में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। सेंट्रल इंडिया के पहले कमर्शियल ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट करण कोठारी बिजनेस पार्क का भव्य लॉन्च होने वाला है। बहुप्रतीक्षित यह लॉन्च आज रविवार को सुबह 10 बजे से प्रोजेक्ट साइट, ऑटोमोटिव चौक, पीली नदी मेट्रो स्टेशन के पास कामठी रोड, नागपुर में आयोजित किया जाएगा। करण कोठारी ग्रुप द्वारा विकसित इस बिजनेस पार्क के साथ शहर को भविष्य का शानदार वर्कस्पेस मिलने जा रहा है। पांच दशकों से अधिक समय से भरोसे, गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए पहचाने जाने वाले करण कोठारी ग्रुप ने इस प्रोजेक्ट के जरिए एक और बडी छलांग लगाई है। यह प्रोजेक्ट शहर के केंद्र में, एलआईसी चौक से फ्लाईओवर के जरिए सिर्फ 7 मिनट की दूरी पर स्थित है। ऑटोमोटिव चौक मेट्रो स्टेशन से बिल्कुल सटे इस लोकेशन से शहर के हर कोने तक बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलती है। हाइवे, मिहान, मेट्रो कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे के पास होने से ये प्रोजेक्ट नागपुर के इन्फ्रास्ट्रक्चर बूम का हिस्सा बनता है। स्मार्ट सिटी और अर्बन रिन्यूअल विजन के तहत ये डेवेलपमेंट नागपुर को एक मॉडर्न बिजनेस हब के रूप में नई पहचान देगा। खास बात ये भी है कि इसमें उद्योग आधार रजिस्ट्रेशन वाले एमएसएमई के लिए विशेष फायदे रखे गए हैं, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। करण कोठारी बिजनेस पार्क का फेज 1 छह शानदार विल्डिंग्स और 124 स्वतंत्र जी+3 मल्टीलेवल शॉप्स के साथ तैयार किया जा रहा है। इसमें 3,000 से ज्यादा कारों और 10,000 दोपहिया वाहनों की पार्किंग




सुविधा रहेगी, ताकि सभी के लिए सुविधा और आराम सुनिश्चित हो। यहां फूड कोर्ट, गेम जोन, डेडिकेटेड एग्जीबिशन सेंटर, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर और फ्री शटल सर्विस जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी, जिससे ये बिजनेस पार्क एक कंप्लीट बिजनेस इकोसिस्टम बन जाएगा। लॉन्च इवेंट में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय। विशेष अतिथियों में रहेंगे, चंद्रशेखर बावनकुले (राजस्व मंत्री, महाराष्ट्र व नागपुर-अमरावती के पालक मंत्री), अजयजी संचेती (पूर्व राज्यसभा सदस्य) और नितिनजी राऊत (विधायक, महाराष्ट्र विधानसभा)। इस मौके पर दो खास मोटिवेशनल सेशन्स भी होंगे दोपहर 2 बजे डॉ. उज्वल पाटनी और शाम 4 बजे अजय अजमेरा (सूरत के टेक्सटाइल किंग) अपनी बात रखेंगे।

इस बिजनेस पार्क में रेडी टू पजेशन यूनिट्स उपलब्ध हैं और बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू हो चुकी हैं। एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक जैसी बडी वित्तीय संस्थाओं से आसान फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 90% तक लोन मिल सकता है। साथ ही, एमएसएमई रजिस्टर्ड कंपनियों के लिए खास ऑफर के तहत 85% तक सब्सिडी का लाभ मिल सकता है। इस प्रोजेक्ट को खासतौर से विभिन्न इंडस्ट्रीज की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। करण कोठारी बिजनेस पार्क सिर्फ एक प्रॉपटी नहीं, बल्कि लॉन्ग टर्म ग्रोथ और सक्सेस का प्लेटफॉर्म है। यह लॉन्च करण कोठारी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यवसायिक विस्तार का भी प्रतीक है एक ऐसा नाम जो बीते 120 वर्षों से कारीगरी और ईमानदारी का प्रतीक रहा है। राजस्थान, कोलकाता और मुंबई की ज्वेलरी परंपराओं में गहराई से जुड़े इस ग्रुप ने अब रियल एस्टेट सेक्टर में कदम रखकर सेंट्रल इंडिया के विजनेस भविष्य को आकार देने की दिशा में बडा कदम उठाया है। साइट एड्रेस: करण कोठारी बिजनेस पार्क, पीली नदी मेट्रो स्टेशन के पास, ऑटोमोटिव चौक, कामठी रोड, नागपुर 440026 रजिस्टर्ड ऑफिस: करण कोठारी बिजनेस पार्क प्रा. लि., ऑफिस नं. 1, 12 वी मंजिल, रीजेंट चेंबर, जमनालाल बजाज मार्ग, नरिमन पॉइंट, मुंबई - 400021 बुकिंग के लिए संपर्क करें: 83002-83003 ईमेल: sales@kkbp.in वेबसाइट: www.kkbusinesspark.com

महा रेरा रजिस्ट्रेशन नं.: P50500055653 (विवरण देखें: https://maharera.mahaonline.gov.in).

# राज्य सरकार का बड़ा फैसला
### > एसटी महामंडल के पांच क्षेत्रीय विभाग बनाए
### > नागपुर, अमरावती में होंगे विभागीय कार्यलय

**नागपुर.**

राज्य सरकार ने राज्य परिवहन निगम एसटी महामंडल को लेकर शनिवार को बड़ा निर्णय लिया। सरकार ने एसटी को पांच भागों में विभाजित कर दिया है। नागपुर, अमरावती, नाशिक, पुणे और मुंबई में विभागीय कार्यलय स्थापित होंगे। इसको लेकर आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दिया गया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि, निर्णय का मुख्य उद्देश्य त्योहारी सीजन में परिवहन में नियंत्रण रखना और यात्रियों को अच्छी सेवा उपलब्ध कराना है।

**त्रिस्तरीय संरचना में अब पांच क्षेत्रीय प्रभाग :** मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा, 'वर्तमान में, एसटी निगम में डिपो (तालुका), विभागीय कार्यालय (जिला) और केंद्रीय कार्यालय (राज्य स्तर) की त्रिस्तरीय संरचना थी। हालांकि, राजस्व विभाग की तर्ज पर छह प्रशासनिक विभाग इस प्रणाली में शामिल नहीं थे। इसलिए, स्थानीय कार्यालयों के साथ केंद्रीय कार्यालय से सीधे संवाद करना और निर्णय लेना मुश्किल था।

नतीजतन, यात्रा- मेला, विशेष ट्रेनें, त्यौहार- समय यातायात आदि जैसे मामलों में देरी हुई और इसका सीधा असर निगम के राजस्व पर पड़ा। इस पृष्ठभूमि में, 'नियंत्रण, योजना और समन्वय' के उद्देश्य से निगम के तहत 5 क्षेत्रीय विभाग बनाने का निर्णय लिया गया है.




# जाफरनगर के अहबाब कम्युनिटी हॉल में प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन

**नागपुर.**

शहर में शनिवार को बच्चों के स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स, बोतल, खिलौने, लेडीज कुर्ती, ड्रेस मटेरियल, स्टेशनरी, ज्वैलरी, फुट वेयर, डोर मैट, लेडीज नकाब और खाना खजाना के स्टॉल लगाए गए हैं। बच्चों के लिए छोटे झूले भी लगाये गए हैं। इस आकर्षक प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 5:30 बजे सामाजिक कार्यकर्ता वृंदाताई ठाकरे ने किया। इस मौके पर पूजाताई सिंह, मुस्तफा खान (एक्सीलेंट ट्यूशन क्लासेस), जफर अहमद (सेक्रेट्री - विदर्भ हैंडीक्राफ्ट), गुलनाज अली, आफरीन हुसैन, फ़रीना नाहिद, सैय्यद सोहेल, प्रीति पेठे (अध्यक्ष मां





जगदंबा संस्था), सायबा शेख (जरी क्लस्टर खापरखेड़ा) समेत सभी प्रतिभागी उपस्थित थे। मेहमानों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सभी ने स्टालों का अवलोकन कर मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी की। वृंदाताई और पूजाताई ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। प्रदर्शनी को जनता का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, विशेष रूप से स्कूल बैग, डोर मैट और बच्चों के खिलौने आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह प्रदर्शनी आज सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। प्रवेश और पार्किंग निःशुल्क है।

## केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी का जनसंपर्क कार्यक्रम आज

**नागपुर.**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी का जनसंपर्क कार्यक्रम आज रविवार को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम खामला चौक के पास, ज्युपिटर स्कूल के बगल में स्थित मंत्री के जनसंपर्क कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस दौरान मंत्री सीधे नागरिकों की समस्याओं और मांगों को सुनेगें और उनका समाधान खोजने का प्रयास करेंगे। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी समस्याएं, कठिनाइयां और आवेदन पत्र (आवश्यक दस्तावेजों के साथ) लिखित रूप में लेकर आएं और मंत्री को सौंपें। जनसंपर्क कार्यक्रम के बाद, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नितीन गडकरी भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे।

CMYK

# कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट बना 'मौत का मुहाना', ओवरब्रिज निर्माण की मांग तेज़

## > स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने एनएचएआई से जांच समिति गठित कर ठोस उपाय करने की लगाई गुहार





**कोंढाली.**

नागपुर-मुंबई राष्ट्रीय महामार्ग (एनएच-53/6) पर स्थित कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट क्षेत्र का सबसे बड़ा "ब्लॉक स्पॉट" बन चुका है, जहां आए दिन जानलेवा सड़क हादसे हो रहे हैं। इसी को लेकर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मानवाधिकार परिषद ने राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण से सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने और जांच समिति गठित करने की मांग की है।

यह टी पॉइंट कोंढाली के दक्षिण भाग के लगभग 40-42 गांवों के नागरिकों, खासतौर से स्कूल और कॉलेज जाने वाले हज़ारों छात्रों की रोज़मर्रा की आवाजाही का मुख्य केंद्र है। यहाँ से लोगों को मुंबई-कोलकाता एशियन हाइवे-46 और राष्ट्रीय राजमार्ग-53/6 जैसे तेज़ रफ्तार मार्गों को पार करना पड़ता है। हर दिन यहां दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई बार मृत्युदायक घटनाएं भी शामिल होती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकतर हादसे हाईवे पर तेज़ रफ्तार से दौड़ती गाड़ियों के कारण होते हैं, जिनका नंबर तक पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है। इन हादसों को रोकने के लिए नागरिकों की ओर से ब्लॉक स्पॉट को दूर करने, जांच समिति गठित करने और ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की गई है। कोंढाली नगर और आसपास के गांवों के नागरिकों द्वारा चलाए गए इस अभियान को कोंढाली क्षेत्र/नगर सुधार समिति, कौन्सिल फॉर ह्युमन राइट्स, और सामाजिक-राजनीतिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

**ज्ञापन सौंपे जाने की तैयारी :** इस संबंध में संबंधित मांगों का ज्ञापन राजमार्ग सड़क निर्माण सीएमडी को सौंपे जाने की तैयारी है। नागरिकों ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री को भी ओवरब्रिज निर्माण हेतु पत्र भेजा है।

**ओवरब्रिज क्यों ज़रूरी है? :** कोंढाली से लगे 40 से अधिक गांवों में पांच प्रमुख स्कूल/कॉलेज हैं, जहां लगभग 4000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अभिभावकों को हर दिन हाईवे पार करके बच्चों को स्कूल लाना पड़ता है, जो खतरनाक है। साथ ही, स्थानीय नागरिकों का बाज़ार और रोज़मर्रा का कार्य भी इसी रास्ते से होता है।

**इन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की मांग:** स्वप्निल व्यास, केशवराव धुर्वे, संजय राऊत, कमलेश गुप्ता, विवेक चिचखेडे, गफ्फार शेख, रजा पठाण, प्रशांत खंते, वैभव लाड, जमीर शेख, बबलू बिसेन (मानवाधिकार परिषद, काटोल-नरखेड अध्यक्ष) समेत कई लोगों ने इस मांग को सोशल मीडिया और स्थानीय प्रशासन तक पहुँचाया है। अब स्थानीय जनता की सिर्फ एक मांग है – जान बचानी है, तो ओवरब्रिज बनाओ!

# संत कबीर जयंती के अवसर पर जगह-जगह जुलूस का स्वागत



**कामठी.**

क्रांतिकारी संत कबीर वाचनालय समिति कामठी की ओर से राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत कबीर की जयंती के अवसर पर निकाले गए जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जयस्तंभ चौक स्थित संत कबीर वाचनालय में सावित्रीबाई फुले की पीढ़ी के नायगांव सतारा के साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप गणपत नेवसे पाटील के हाथों संत कबीर की प्रतिमा की पूजा-आरती कर जुलूस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री शत्रुघन प्रसाद सिंह, पुणे के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सत्यशोधक शिवदास नारायण महाजन, सिने सिंगर मुरली मधु थेल्लम, मुंबई के कवि नागनाथ श्रीपती डोलारे, सत्यशोधक रघुनाथ ढोक, पत्रकार सुकुमार पेटकुले, प्रशांत वंजारे, अवदेश कुमारनंद, धम्म प्रचारक बी. डी. संगम, प्रबोधनकार रमेशबाबू वाघमारे, अशोक मोहलकर, बबन मोरे, ट्रीरत्नकुमार भेवरे, लोकेश कटारिया, रवी दलाल, गायत्री रामटेके, शिफा पवार, राजविका फुलझेले, कबीर वाचनालय समिति के अध्यक्ष प्रदीप फुलझेले, नरेंद्रकुमार वाघमारे, चक्रधर रामटेके, नामदेव फकिरडे, भीमराव नंदेश्वर, रामचंद्र धोंगडे, रजनी धोंगडे, विजय डोंगरे, भाऊराव सुखदेवे, राजू मेश्राम, दादाराव गेडाम, उमाकांत चिमणकर सहित कई नागरिक उपस्थित थे। समता सैनिक दल अखाड़ा और दानपट्टा की उपस्थिति में जुलूस शुरू हुआ। जय स्तंभ चौक में डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोयल टॉकीज चौक, शुक्रवारी बाजार, पुलिस लाईन, कळमना टी पॉइंट, जय भीम चौक होते हुए नगर भ्रमण कर सिद्धार्थ बुद्ध विहार के प्रांगण में जुलूस का समापन किया गया। जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। प्रमुख अतिथियों ने संत कबीर के जीवन और कार्यों पर मार्गदर्शन दिया। महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# देवलापार वन परिक्षेत्र में मिला बाघ का शव

## > अधिकारियों में मचा हड़कंप

**नागपुर.**

रामटेक तहसील के देवलापार वन परिक्षेत्र अंतर्गत एक बाघ का शव मिट्टी के ढ़ेर के उपर पाया गया, जिसके कारण वन विभाग के अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया है.

एक ओर जहां बाघों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. वहीं, देवलापार वन परिक्षेत्र (प्रादेशिक) में सुबह 11 बजे गस्त कर रहे वन कर्मियों को नियत क्षेत्र बांद्रा कक्ष क्रमांक 275 पीएफ में मुनारा क्रमांक 8 में बाघ का शव सड़ी गली अवस्था में मिला. इस आशय को लेकर 2 किलोमीटर के दायरे में सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें बाघ की हत्या के कोई निशान नहीं मिले हैं. प्रकरण को लेकर वाघ का शव विच्छेदन पशु वैद्यकीय अधिकारी डॉ बबिता मेश्राम, डॉ राजेश फुलसंगे, डॉ मयंक बरडे, एनटीसीए प्रतिनिधि अजिंक्य भटकर की उपस्थिति में किया गया.

बाघ के सभी शारीरिक अंग साबूत अवस्था में पाए गए हैं. शव विच्छेदन रिपोर्ट आने के बाद बाघ की मृत्यु का कारण पता चल पाएगा. इस प्रकरण को लेकर पेंच क्षेत्र के संचालक डॉ किशोर मानकर, उप वन संरक्षक डॉ भरत सिंह हाड़ा, विभागीय अधिकारी पी कोडापे के मार्गदर्शन में आगे की जांच शुरू है.

# गुमथाडा में किसान मार्गदर्शन सभा का आयोजन

**कामठी.**




कृषि विभाग कामठी की ओर से गुमथाडा में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के अंतर्गत खरीफ फसल के विभिन्न विषयों पर किसान मार्गदर्शन सभा का आयोजन किया गया था. किसान मार्गदर्शन सभा की शुरुआत सरपंच प्रणाली योगेश डाफ के हाथों दीप प्रज्वलन और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज, संत गाडगेबाबा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई. इस अवसर पर उपसरपंच महेश काकडे, प्रवीण निंबूलकर (पुलिस पाटिल), कविता डाफ, कर्णिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक मुकेश चकोले, कैलाश गोंडाले, मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैभव नाखले, कृषि विज्ञान केंद्र, नागपुर के डॉ. मयूर मेश्राम (वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ), डॉ. जयकुमार वर्धन ( सीआयसीआर नागपुर), डॉ. विनोद खडसे (कृषि महाविद्यालय, नागपुर), सुनीता चौहान (गृह विज्ञान), डॉ. मयूरकुमार मेश्राम, हिंगणा तालुका के क्षेत्रीय अधिकारी आत्मा के तालुका मंडल कृषि अधिकारी एस. बी. गोरखर्डे, सहायक कृषि अधिकारी मधुरा मखमले, प्रतीक्षा जाधव, तालुका प्रौद्योगिकी प्रबंधक नाशिक जांभुलकर, प्रशांत गायकवाड़, संदीप झाडे उपस्थित थे.

किसान मार्गदर्शन सभा में मुख्य अतिथियों ने आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी, सतत कृषि प्रणाली, जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि जन जागरूकता, कपास अनुसंधान, खरीफ मौसम में धान, कपास, अरहर, सोयाबीन की बीज प्रक्रिया, बीज अंकुरण क्षमता, फसल योजना, गुलाबी इल्ली प्रबंधन, एकीकृत कीट और उर्वरक प्रबंधन, और कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया. सभा में गांव के किसान दिलीप मुले, विठोबा डाफ, योगेश डाफ, सुरेश रामटेके, शिवाजी डाफ, ज्ञानेश्वर मालोदे, संजय गिरी, संदीप झाडे, प्रशांत गायकवाड़, अंबर डाफ, सूर्यभान वानखेडे, युवराज काकडे, गणपत मोहोल, चंद्रशेखर डाफ, और कई पुरुष एवं महिला किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभा का संचालन और आभार प्रदर्शन योगेश डाफ ने किया।

# रणाला, भीलगांव में सुचारू बिजली सप्लाई की सरपंच साबरे ने की मांग

**कामठी.**



रणाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बाधित बिजली आपूर्ति को सुचारू करने की मांग की है। सरपंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रणाला व भीलगांव में बिजली की अनियमित आपूर्ति के बारे में बताया है और इसे ठीक करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या के कारण कि पानी की आपूर्ति बाधित होना और स्वास्थ्य सेवाओं में कठिनाई जैसे गांव में कई समस्याएं आ रही हैं, सरपंच पंकज साबरे ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से ग्राम पंचायत रनाला-भिलगांव क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है और बिजली हर दिन बंद रहती है। बिजली बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार बिजली 12 घंटे तक बंद रहती है। बिजली वितरण अधिकारी का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

बिजली वितरण अधिकारी पिछले एक साल से बिना कोई सूचना दिए बिजली बंद कर देते हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पूरा रखरखाव (मेंटेनेंस) हो चुका है, फिर भी अधिकारियों को इस पर तत्काल उपाय करना चाहिए। उन्होंने गांवों में सुचारु बिजली सप्लाई नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानियों के बारे में भी बताया है। रणाला, भीलगांव में नियमित व सुचारू बिजली सप्लाई की मांग की गई।

# गांव को स्वच्छ, सुंदर बनाने में सहयोग करें - सरपंच जयश्री इंगोले

**कामठी.**



खसाला ग्राम पंचायत की सरपंच जयश्री इंगोले ने ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित कूड़ेदान वितरण कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए नागरिकों से गांव को सुंदर और स्वच्छ रखने में सहयोग करने का आह्वान किया।

कूड़ेदान वितरण कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच जयश्री इंगोले द्वारा दीप प्रज्वलित कर और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज तथा संत गाडगेबाबा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर उपसरपंच अतुल बावनकुले, ग्राम विकास अधिकारी आतिश देशभ्रतार, ग्राम पंचायत सदस्य रवींद्र पारधी, अमोल वाघमारे, कुणाल गभने, छबी रोकडे, प्रेरणा बावनकुले, अश्विनी भलावी, अर्चना शंभरकर, प्रतिभा गभने उपस्थित थे। ग्राम पंचायत की ओर से अतिथियों के हाथों 400 नागरिकों को कूड़ेदान वितरित किए गए. कूड़ेदान वितरण कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए सरपंच जयश्री इंगोले ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से गांव में हमेशा स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को सुंदर रखने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने गीले कचरे और सूखे कचरे के प्रबंधन के संबंध में ग्राम पंचायत की ओर से मार्गदर्शन किया और बताया कि प्रत्येक परिवार को कूड़ेदान दिए गए हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन कूड़ेदानों का उपयोग करें और अपने घरों के सामने आने वाली कचरा गाड़ी में कचरा डालकर गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन ग्राम विकास अधिकारी आतिश देशभ्रतार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कोंढाली में श्री संत गजानन महाराज मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## बाल भक्तों को पूजा, भजन-कीर्तन में दी जा रही विशेष प्राथमिकता

**कोंढाली.**



कोंढाली-तरोड़ा मार्ग स्थित संत गजानन महाराज नगरी में हाल ही में संत गजानन महाराज मंदिर, संत साईनाथ महाराज और माता तुलजाभवानी की मूर्तियों एवं पादुकाओं का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन का संयोजन जीवन आधार बहुउद्देश्यीय सामाजिक संगठन नागपुर, संत गजानन महाराज उत्सव समिति तथा संत गजानन महाराज नगरी कोंढाली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस पावन अवसर पर शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे गुट) के पूर्व विदर्भ उपनेता सहित सैकड़ों शिवसैनिकों और पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर गजानन महाराज, साईनाथ महाराज एवं माता तुलजाभवानी के दर्शन किए। भक्तों की हजारों की संख्या में उपस्थिति, ढोल-ताशों की गूंज, मृदंग की थाप, ब्रह्मवृंद द्वारा मंत्रोच्चार और जयघोषों के साथ मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। महाआरती का आयोजन पूरे भक्ति भाव और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। विशेष बात यह रही कि मंदिर की नियमित आरती, भजन और कीर्तन में बाल भक्तों को विशेष रूप से शामिल किया जाता है। ये नन्हे भक्त वीणा, हारमोनियम, तबला, मृदंग और ताल जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भक्ति संगीत प्रस्तुत करते हैं। हर गुरुवार को आयोजित महाप्रसाद में सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। शाम की आरती में कोंढाली शहर और विकास नगर के विभिन्न हिस्सों से महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या इस बात का प्रतीक है कि गजानन महाराज की कृपा और आशीर्वाद भक्तों को निरंतर आकर्षित कर रहा है।

# हर वार्ड में बढ़े 10 से 15 हजार मतदाता, चुनाव का रुख करेंगे तय

**नागपुर.**




नागपुर महानगर पालिका चुनाव की तैयारी शूरू हो गई है। राज्य सरकार ने नागपुर मनपा के आयुक्त डॉक्टर अभिजीत चौधरी को नए सिरे से प्रभागों की संरचना करने का आदेश दिया है। सरकार ने सितंबर महीने के पहले सप्ताह में कार्रवाई पूरी करने का आदेश दिया है। सरकार के आदेश के साथ शहर की सरकार बनने का काऊन डाउन भी शुरू हो गया है। नागपुर मनपा में आखिरी चुनाव 2017 में हुआ था तब से लेकर अब तक प्रत्येक वार्डों में मतदाताओं की संख्या 10 से 15 हजार बढ़ी है। बढ़े मतदाता आगामी चुनाव में उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। जिसको देखते हुए राजनीतिक दलों ने इन मतदाताओं से संपर्क बनाना शुरू कर दिया है, हालांकि यह आसन नहीं नजर आ रहा।

2017 के महानगर पालिका चुनावों और 2024 के विधानसभा चुनावों के बीच, पंजीकृत शहरी मतदाताओं की संख्या 19.09 लाख से बढ़कर 23.65 लाख हो गई, जो लगभग 24 प्रतिशत की वृद्धि है। 4.5 लाख से अधिक मतदाताओं के जुड़ने से वार्डों में चुनाव परिणामों पर नाटकीय रूप से असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे पार्टियों को अभियान की रणनीति फिर से बनानी होगी और व्यापक रूप से विस्तारित मतदाताओं से फिर से जुड़ना होगा।

नागपुर मनपा में आख़िरी चुनाव 2017 में हुए थे। जिसमें भाजपा को प्रचंड जीत मिली थी। हालांकि, 2022, मार्च महीने से मनपा में प्रशासक का राज है। पिछले आठ सालों में नागपुर की जनता ने दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनाव देख लिए हैं। हलांकि, मनपा का चुनाव एक बार भी नहीं हुआ। लोकसभा विधानसभा का गणित और मनपा चुनाव का गणित बहुत अलग होता है।

प्रशासक राज में नागरिकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। छोटे से छोटे काम के लिए उन्हें चक्कर लगाने पड़े जिसके कारण नागरिकों में रोष है। काम नहीं होने के कारण नागरिकों में पूर्व पार्षदों के खिलाफ नाराजगी है। या ये कहें की नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच दूरियां बहुत बढ़ गई है

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को चुनाव कराने के लिए चार महीने का समय दिया है। अदालत के आदेश पश्श्रुत कार्रवाई भी शुरु हो गई है। सरकार ने आयुक्त को प्रभाग की रचना करने का आदेश दिया है। वहीं चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रभाग संरचना पर नजर टिकाए बैठे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को 2011 का डाटा इस्तेमाल करने का आदेश दिया है। इसका मतलब पिछले चुनाव में जिस तरह की स्थिति थी लगभग वैसे ही रहेगी। हालांकि, प्रत्येक वार्ड में वोटर बढ़ने और नए संरचना के अनुसार, प्रभाग बनाने में थोड़ा बहुत बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है।

## राजनीतिक दलों ने शुरू किया संपर्क साधना

### अन्य चुनावों से इस बार का चुनाव होगा बेहद अलग

आमतौर पर भारत या नागपुर में पारंपरिक तौर पर पूराने रीति से ही चुनाव लड़े जाते रहे हैं। हालांकि, 2019 के बाद से भारतीय चुनाव व्यवस्था सहित लड़ने के तौर तरीके, मतदाताओं में संपर्क बनाने में बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां चुनाव में संभावित उम्मीदवार महीने पहले लोगों से मिलना जुलना शुरू कर देते थे, वहीं अब मतदान के दो हफ्तों पहले यह प्रक्रिया शुरू होती है। सोशल मीडिया और नई तकनीक का इस्तेमाल न केवल चुनाव प्रचार बल्कि चुनाव संपन्न कराने में भी बड़े तौर पर इस्तेमाल किए जा रहें हैं। वहीं आर्टिफिशियल इंटिलेजेंस का इस्तेमाल जीस तरह बढ़ रहा है वह इस बार नागपुट मनपा चुनाव में बेहद अहम रोल इस्तेमाल करेगा। जिसको देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि मतदाता, राजनीतिक दलों और तकनीक की दृष्टि से चुनाव बेहद अलग होगा।

# उद्योग भवन से मिली एनओसी, सरकारी मुद्रणालय की जमीन राजस्व विभाग को सौंपी




**नागपुर.** शासकीय मुद्रणालय की 9,670 वर्गमीटर भूमि विधान भवन को देने के लिए उद्योग विभाग ने मंजूरी दे दी है. उद्योग विभाग ने इस भूमि को राजस्व विभाग को हस्तांतरित करने के लिए एनओसी जारी कर दिया है. इस संबंध में सरकारी निर्णय शुक्रवार को लिया गया. इससे विधानसभा के विस्तार में आ रही बाधा दूर हो गई है.

विधान भवन के विस्तार की योजना कई वर्षों से चल रही है. इससे सटी जमीन पर विचार किया गया था लेकिन यह प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई. आपूर्ति विभाग द्वारा मुद्रणालय को जमीन आवंटित करने पर चर्चा के बाद अप्रैल में विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के साथ बैठक हुई थी. उस समय उन्होंने दोनों विभागों की बातें सुनने के बाद मुद्रणालय को जमीन के लिए संशोधित प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया था. तद्नुसार उद्योग विभाग ने मुद्रणालय की उक्त 9,670 वर्ग मीटर जमीन को विधानसभा को आवंटित करने के लिए राजस्व विभाग को हस्तांतरित करने के लिए एनओसी दे दी है.

# महायुति की गलत नीतियों से किसान आत्महत्या करने पर मजबूर

## वडेट्टीवार बोले- कर्जमाफी पर समिति बना सरकार कर रही टाइम पास

**नागपुर.**



महाराष्ट्र कांग्रेस ने बच्चू कडु के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि, महाराष्ट्र किसान आत्महत्या का हब बन गया है, महायुति के झूठे आश्वासन और गलत नीतियों के कारण किसान आत्महत्या के लिए मजबूर है। इसलिए जो किसानो के मुद्दे कर खड़ा होगा उसे हमारा समर्थन रहेगा। कर्जमाफी के लिए समिति बनाये जाने की घोषणा पर भी वडेट्टीवार ने सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा, "टाइम पास और समय बर्बाद करने के लिए सरकार यह कर रही है।

वडेट्टीवार ने कहा, "रोहित पवार खुद महाविकास आघाड़ी के तौर पर बच्चू कडू के आंदोलन में गए थे, पवार साहब ने बुलाया था और कांग्रेस ने पहले ही अपना रुख साफ कर दिया है, हम किसानों के साथ हैं। हम बच्चू कडू के आंदोलन का समर्थन करते हैं क्योंकि वह किसानों के मुद्दों को लेकर लड़ेंगे और हम उनका साथ देंगे। सरकार ने किए गए वादों को पूरा नहीं किया है और लोगों और किसानों को धोखा देने का पाप किया है।"

उन्होंने आगे कहा, "महाराष्ट्र आत्महत्या करने वाले किसानों का केंद्र बन गया है। सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र में हो रही हैं। पिछले दो सालों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसान संकट में हैं, सरकार ने उन्हें कोई मदद नहीं की है। किसानों को मझधार में छोड़कर उन्हें सिर्फ हिंदू मुसलमान बनाने से लोगों का भला नहीं होगा।"

कर्जमाफी पर बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, "2019 में जब हमारी सरकार सत्ता में आई, तो हमने 39,000 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए। हमारी सरकार की नीति भारत में नियमित ऋण वाले लोगों की मदद करना था। सरकार ने समिति गठन करने का निर्णय लिया है यह केवल समय की बर्बादी और टाइमपास करने के लिए है।" उन्होंने कहा, " हमें 14,000 करोड़ रुपये पाने के लिए उत्पाद शुल्क बढ़ाना पड़ा, और हम मुंबई में लाखो करोडो की जमीन अडानी को दान कर रहे हैं।"

# बच्चू कडु की सरकार को चेतावनी

## कर्जमाफी पर जल्द नहीं लिया निर्णय तो पानी भी छोड़ दूंगा

**अमरावती.**

किसान कर्ज माफी समेत विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 7 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे बच्चू कडू ने अब परसों यानी 16 तारीख से पानी तक छोड़ने की चेतावनी दी है। कडु ने कहा, "कर्ज माफी के मुद्दे पर सरकार को समय रहते निर्णय लेने की जरूरत थी। अब सरकार इस मामले में एक समिति नियुक्त करेगी। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद कर्ज माफी की जाएगी। लेकिन अगर सरकार आज निर्णय नहीं लेती है तो मैं 16 जून से भूख हड़ताल पर जाऊंगा।

प्रहार संगठन के अध्यक्ष बच्चू कडू किसान कर्ज माफी समेत विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 7 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। इस भूख हड़ताल के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई है और डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। लेकिन उसके बाद भी बच्चू कडू ने अपनी भूख हड़ताल को मजबूती से जारी रखने का संकल्प जताया है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, दरअसल, इस बारे में पहले ही निर्णय ले लिया जाना चाहिए था। सरकार ने अब इस संबंध में एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद कर्जमाफी पर फैसला लिया जाएगा। कडु ने कहा, इस समिति की रिपोर्ट कब आएगी? कर्जमाफी की घोषणा किस तारीख को होगी? कुछ भी स्पष्ट नहीं है। मैं कार्यकर्ताओं से इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा। जब तक इस बैठक में कोई फैसला नहीं हो जाता, कार्यकर्ताओं को शांत रहना चाहिए। उन्हें कोई अनुचित काम नहीं करना चाहिए। लेकिन मेरी सोच है कि 16 तारीख से पानी भी बंद कर देना चाहिए, ऐसा बच्चू कडू ने कहा।

**फडणवीस को एक दिन का उपवास करना चाहिए: नयना कडू**

दूसरी ओर, बच्चू कडू की पत्नी नयना कडू ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सीधे तौर पर चुनौती दी है कि वे एक दिन का उपवास करें और देखें कि उपवास से क्या होता है।



### भूख हड़ताल वापस लेने की बावनकुले की अपील खारिज

राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को बच्चू कडू से मुलाकात की थी और उनसे भूख हड़ताल वापस लेने की अपील की थी। लेकिन कडू ने उनकी अपील को खारिज कर दिया और साफ कर दिया कि वे अपनी भूख हड़ताल पर अड़े हुए हैं। कडू पिछले 7 दिनों से गुरुकुंज मोजारी में अन्न बहिष्कार का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने किसानों की पूरी कर्जमाफी, विकलांगों को 6,000 रुपये मानदेय समेत 17 मांगें रखी हैं।

नैना कडु ने कहा, "मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक दिन का उपवास करना चाहिए। उसके बाद, हमें देखना चाहिए कि हमारी अमृता भाभी का क्या होता है। अगर बच्चू कडू को अब से भोजन बहिष्कार करने के लिए बहकाया गया, तो सावधान रहें।" उन्होंने कहा कि, "मेरा वचन है कि प्रहार कार्यकर्ता पूरे मंत्रिमंडल को भोजन बहिष्कार करने के लिए मजबूर कर देंगे।" उन्होंने आगे कहा, "बच्चू कडू पांचवीं बार अन्न बहिष्कार करने जा रहे हैं। क्या उनकी मां ने उन्हें सूली पर चढ़ाने के लिए जन्म दिया है? किसी भी सरकार को गेंडे की खाल को किनारे रखकर धरती के लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। चाहे भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस की, सभी को जातिवाद और स्वार्थ को दूर रखकर किसानों विकलांगों के लिए काम करना चाहिए।"


# 17 जून से हिंगनघाट में नि:शुल्क योग व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हिंगनघाट में एक विशेष निशुल्क योग शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पतंजलि परिवार हिंगनघाट, अभिनव विचार मंच, नारायण सेवा मित्र परिवार, और हम भारतीय मित्र परिवार के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

यह शिविर 17 जून से 21 जून तक प्रत्येक सुबह 5:15 बजे से 7:30 बजे तक जे. आर. निखाड़े लॉन एवं सभागृह में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। शिविर के दौरान सुबह 6:00 से 7:30 बजे तक पतंजलि अस्पताल, सराफा लाइन, हिंगणघाट की वैद्य दीपिका जैस्वाल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। रोगों की जांच व सलाह निम्नलिखित विषयों पर केंद्रित रहेगी:

कमर व गर्दन की बीमारिया, त्वचा रोग, पुराना जुकाम, सिरदर्द,




बहरापन, महिलाओं व बच्चों के रोग, हाइड्रोसील, बवासीर, भगंदर, गठिया, थायरॉइड, मधुमेह, सिजेरियन आदि

इस शिविर में ओमसाई योग क्लास, गौरक्षण योग क्लास, शिवराय गार्डन योग क्लास, बिडकर वार्ड, पटवारी कॉलोनी, हनुमान मंदिर, शास्त्री वार्ड एवं निखाड़े भवन योग क्लास के योग साधक भी भाग लेंगे। योग प्रशिक्षण और मार्गदर्शन विजय धात्रक, राहुल वंजारे, पूर्णिमा धात्रक, प्राची पचखेड़े, रंजीत जीवने, छाया दविले, शीतल राऊत, नीता दरवरे, सुषमा खोड़े, वर्षा काठुके, सुनीता गंगवार द्वारा प्रदान किया जाएगा। पतंजलि परिवार हिंगनघाट व अभिनव विचार मंच ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस योग सप्ताह का लाभ उठाएं और अपने जीवन को स्वस्थ, सकारात्मक एवं ऊर्जावान बनाएं।

# बेयर ने किया 'बीकोटा' लॉन्च

## धान किसानों को मिलेगा स्टेम बोरर से स्थायी बचाव

**भंडारा.** धान के किसानों के लिए राहत भरी खबर! कृषि एवं हेल्थ क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बेयर ने किसानों की मुश्किल आसान करने के लिए नया कीटनाशक 'बीकोटा' लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन धान की फसल को स्टेम बोरर जैसे विनाशकारी कीटों से स्थायी सुरक्षा देगा।

बेयर द्वारा विकसित यह कीटनाशक स्टेम बोरर पर त्वरित असर करता है और लंबे समय तक फसल को सुरक्षित रखता है। इसकी खासियत है कि यह पौधे की जड़ों को मज़बूत बनाता है और उपज की गुणवत्ता बढ़ाता है।

**किसानों को मिलेंगे ये फायदे:**

- कीटों के आहार को तुरंत रोककर फसल को राहत
- जड़ों का बेहतर विकास, जिससे पौधे स्वस्थ
- उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में बढ़ोत्तरी
- ग्रेन्युलर फॉर्म, जिससे छिड़काव आसान
- आईपीएम के अनुकूल, लाभकारी कीटों को नुकसान नहीं

**जून 2025 से बीकोटा मिलेगा इन राज्यों में:**

- पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना।

**बेयर की सोच:**

- मोहन बाबू, क्लस्टर कमर्शियल लीड (भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका) – बेयर, कहते हैं:
- "बीकोटा के ज़रिए हम किसानों को कम मेहनत में ज्यादा लाभ और बेहतर सुरक्षा देना चाहते हैं।"

# विवादों के घेरे में भंडारा जिले से गुजरने वाले नए बाईपास पुल का काम

## कंपनी ने तल में बजरी और पत्थर डालकर नदी पात्र किया कम

**भंडारा.**

भंडारा जिले से गुजरने वाले नए बाईपास पुल का निर्माण अब विवाद का विषय बन गया है। पुल का निर्माण करते समय स्वामी समर्थ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पर्यावरण विभाग और गोसेखुर्द विभाग से अनुमति लिये बिना नदी के तल में बजरी और पत्थर डालकर नदी के तल को कम कर दिया है। इसके चलते आगामी मानसून के मौसम में भंडारा शहर में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। भंडारा जिले से गुजरने वाली नई बाईपास सड़क पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वैनगंगा नदी पर बने पुल के लिए, गारा और पत्थरों का उपयोग करके नदी के तल में कंक्रीट डाला गया था। लेकिन ऐसा करते समय निर्माण कंपनी ने पर्यावरण विभाग और गोसेखुर्द डिवीजन से अनुमति लिये बिना मनमानी की। नदी तल पर निर्माण करते समय पर्यावरण विभाग और संबंधित बांध विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन स्वामी समर्थ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कोई अनुमति नहीं ली। इसके विपरीत, बजरी और पत्थर डालकर नदी के तल को छोटा कर दिया। यदि इस मानसून में नदी में बाढ़ आती है, तो पूरे भंडारा शहर और आसपास के क्षेत्र में बाढ़ आने की संभावना है। भंडारा गोंदिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रशांत पडोले ने भी संबंधित कंपनी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि वे संबंधित मामले पर संसद में सवाल उठाएंगे। स्वामी समर्थ कंपनी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने माना है कि इस संबंध में गलती हुई है। लेकिन उन्होंने कैमरे के सामने बोलने से इनकार कर दिया। इसलिए, यदि आगामी मानसून के दौरान भंडारा जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, तो सवाल उठता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा?

# बच्चू कडू ने भूख हड़ताल स्थगित की

## > मंत्री उदय सामंत से मिलने के बाद किया ऐलान
## > सरकार दो अक्तूबर तक करे कर्जमाफी की घोषणा

**अमरावती.**

कर्जमाफी सहित 17 मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे प्रहार प्रमुख बच्चू कडु ने अपनी भूख हड़ताल स्थगित कर दी है। शनिवार को मांगों पर राज्य सरकार का आधिकारिक पत्र लेकर मंत्री उदय सामंत मोझरी पहुंचे। जहां उन्होंने कडु से मुलाकात की और सरकार का पत्र सौपा साथ ही आंदोलन समाप्त करने की मांग की। सरकार के आश्वासन को मानते हुए प्रहार प्रमुख ने आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। मंत्री सामंत के हाथो पानी पीकर कडु ने भूख हड़ताल समाप्त की। हालांकि, इस दौरान कडु ने सरकार को दो अक्टूबर तक कर्जमाफी की घोषणा करने का समय दिया और ऐसा नहीं करने पर मंत्रालय में आंदोलन करने की चेतावनी दी।



प्रहार संगठन के अध्यक्ष बच्चू कडू पिछले 7 दिनों से किसानों की कर्जमाफी समेत विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर थे। इस भूख हड़ताल के कारण उनकी तबीयत खराब हो गई थी। डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी थी। लेकिन उसके बाद भी बच्चू कडू ने अपनी भूख हड़ताल को मजबूती से जारी रखने का संकल्प जताया था। इस संबंध में उन्होंने सरकार को परसों से भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी थी।

इस संदर्भ में शनिवार को मंत्री उदय सामंत ने कडु से मिलने मोझरी पहुंचे। जहां उन्होंने कड्डु से मुलाकात की और उन्हें बताया कि सरकार उनकी मांगों के प्रति सकारात्मक है और उनसे भूख हड़ताल वापस लेने का अनुरोध किया। उसके बाद बच्चू कडू ने उदय सामंत के अनुरोध का सम्मान करते हुए अपनी भूख हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कल का चक्का जाम आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।


# विश्व रक्तदाता दिवस पर हिंदी विश्वविद्यालय में रक्तदान की शपथ

## > मानवता के लिए करें रक्तदान : कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने विश्वविद्यालय परिवार को रक्तदान की शपथ दिलाई और मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आयोजन कस्तूरबा सभागार में सम्मिश्र (ऑनलाइन व ऑफलाइन) पद्धति से किया गया। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा, "हमें दूसरों का जीवन बचाने के लिए और मानवता के हक में रक्तदान करना चाहिए। यह सिर्फ रक्त देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी की ज़िंदगी को बचाने की सबसे बड़ी कोशिश है।"



उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2004 से हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "रक्त दो, आशा दो और हम साथ मिलकर जीवन बचाएं" है। इसपर बोलते हुए कुलपति ने कहा, "यह विषय हमें याद दिलाता है कि जब हम रक्तदान करते हैं तो हम केवल रक्त नहीं, बल्कि जीवन की आशा, शक्ति और विश्वास दे रहे होते हैं।" उन्होंने शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वेच्छा से रक्तदान करें और अपने-अपने स्तर पर रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाएं। "मानवता के हित में यह हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है," उन्होंने कहा। इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव राजेश अरोड़ा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया। इस अवसर पर डॉ. जयंत उपाध्याय, विनोद वैद्य, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. राजेश्वर सिंह, डॉ. एम. एम. मंगोड़ी, डॉ. गिरीश पाण्डेय, डॉ. पीयूष पतंजलि, कौशल त्रिपाठी, मनोज द्विवेदी, राजीव पाठक, संगीता मालवीय, रवि वानखडे, अरविंद कुमार, वेद प्रकाश, संजय तिवारी, तुषार वानखडे, संजय उराडे, सुधीर खरकटे समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कोलकाता एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्रों के शिक्षक व कर्मचारियों ने ऑनलाइन सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# शहर में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

**हिंगनघाट.**

शहर में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 8 लाख 6 हजार रुपये मूल्य का माल जब्त किया है। यह कार्रवाई हिंगनघाट उपविभागीय पुलिस अधिकारी दल द्वारा की गई।

मिली जानकारी के अनुसार, उपविभागीय पुलिस अधिकारी दल के अश्विन सुखदेवे, नाइक रविन्द्र घाटुरले, भरत बुटलेकर तथा राकेश इतवारे ने संत चोखोबा वार्ड क्षेत्र में छापा मारकर अवैध रूप से हो रहे रेत परिवहन को रोका और संबंधित सामग्री को जब्त किया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े के मार्गदर्शन तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देश में किया गया।

पुलिस की यह त्वरित और प्रभावी कार्रवाई शहर में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध रेत खनन और परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कडू के आंदोलन को समर्थन देने 13 किसानों ने कराया मुंडन

**समुद्रपुर/मांडगांव.**

पूर्व राज्य मंत्री एवं प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष बच्चू कडू द्वारा कर्जमाफी की मांग को लेकर चलाए जा रहे अन्नत्याग आंदोलन को समर्थन देने के लिए मांडगांव (गुरुकुंज मोजरी) में किसानों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

इस विरोध प्रदर्शन में 13 किसानों ने मुंडन करवा कर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। मुंडन कराने वाले किसानों में राजू चुटे, प्रमोद चन्ने, लिलेश्वर पाहुने, राजू मेंढे, हेमंत पाहुणे, विलास ढवले, सतीश चौधरी, मनीष पिसुड्डे, प्रकाशराव तड़स, राजुभाऊ तड़स, रोशन भोयर, संजय काटवले और केशव तिमांडे का समावेश था।

इस दौरान आंदोलन को समर्थन देने के लिए बड़ी संख्या में किसान, प्रहार जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन और दिव्यांगजन भी उपस्थित रहे।




मुख्य उपस्थिति में अंकित दांडेकर, पंकज विहिरकर, विक्रम पिसे, सुधाकर वरभे, गजानन पाहुने, हीरामनजी वरघणे, सचिन तड़स, योगेश डफ, नरेश पाहुणे, नाना डुकरे, राजेंद्र डफ, पुरूषोत्तम वरवटकर, विठ्ठल चुटे, रवींद्र जोहरी, रोशन तड़स, विवेक वरघणे, आयुष ढवले, आशीष पिसे, महेश बोरकर, मंगेश खापरे, विशाल डफ, खुशाल भेंडे, विनोद पिसे, हरीश बोरकर, अविनाश डांगरी, संदीप कालसकर, अमोल लांबट, महादेव पिसुड्डे, सचिन घुसे, राहुल तड़स, तुकाराम पिसे, गुलाब पाहुणे, संजय ढवले, हेमंत मंडलिक, दिलीप तड़स, गजानन लोहकरे, बाबाराव काटगुबे, नीरज काटगुबे, गोपाल डफ, गणेश काकड़, धीरज दांडेकर, तुपेश चामड़े, मोरू चामड़े, व्यंकट वरघणे, संजय लाखे, अनंत गुलघाने, शुभम वडूले, मनोज वरवटकर आदि उपस्थित थे।

यह विरोध प्रदर्शन किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार की उदासीनता के खिलाफ एक प्रतीकात्मक और शांतिपूर्ण चेतावनी मानी जा रही है। अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई पुलिस ने 8 लाख 6 हजार रुपये का माल जब्त किया।

# समुद्रपुर सहकारी बैंक घोटाला में बैंक अध्यक्ष मनोज खोंडे सहित तीन गिरफ्तार

## > 17 जून तक पुलिस हिरासत में

**समुद्रपुर.**

समुद्रपुर नागरी सहकारी बैंक में बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है, जिसमें बैंक के अध्यक्ष मनोज खोंडे पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप है। खोंडे ने बैंक में निवेश करने वाले ग्राहकों को 14% ब्याज का लालच देकर लाखों रुपए जमा करवाए और बाद में शाखा बंद कर फरार हो गया। अब तक की जांच में सामने आया है कि लगभग ₹ 1 करोड़ 20 लाख 15 हजार 177 रुपए की ठगी की गई है।

इस मामले में पुलिस ने मनोज रमेशराव खोंडे (निवासी खापरी), सुभाष दादाजी चाफले (निवासी लोखंडी, समुद्रपुर) और श्रीकांत महादेव घाटे (निवासी कवठा, समुद्रपुर) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को 17 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

चार वर्ष पूर्व मनोज खोंडे ने 'समुद्रपुर नागरी एंव निधी लिमिटेड' की स्थापना की थी।

उन्होंने गरीब, किसान और मजदूर वर्ग को भरोसे में लेकर मोटे ब्याज का लालच दिया और लाखों रुपए जमा करवाए।

लेकिन कुछ समय बाद ही खोंडे ने शाखा बंद कर दी और ग्राहकों से लगातार झूठ बोलते हुए पैसे देने से इनकार करता रहा।

ग्राहकों को दिए गए सावधि जमा के चेक भी बाउंस हो गए। ठगी से परेशान होकर कई पीड़ितों ने अदालत और पुलिस का सहारा लिया। खोंडे लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा – कभी खापरी, कभी समुद्रपुर, तो कभी हिंगणघाट में ससुराल में




छिपता रहा। वह अक्सर यह बहाना बनाता था कि जबलपुर जाकर सोना बेचकर पैसे लाएगा, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। बैंक कर्मचारियों को भी महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई।

**मुख्य बिंदु**

- ग्राहकों से ₹ 1.20 करोड़ से अधिक की ठगी
- तीन आरोपी गिरफ्तार, 17 जून तक पुलिस हिरासत
- चेक बाउंस और शाखा बंद कर फरार
- अब तक 100+ शिकायतें दर्ज
- उपविभागीय पुलिस की विशेष टीम द्वारा जांच जारी

मामले की जांच उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में थानेदार रविंद्र रेवतकर, पुलिस उपनिरीक्षक अनिल डेरकर, चेतन टेंभूर्णे, धर्मेंद्र उमक और आलोक हनवते कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है और मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भी तलाश जारी है।

# सत्संग से होती है मन की शुद्धि और आत्मिक उन्नति: अग्निहोत्री



**वर्धा.**

पूर्णिमा एवं पखवाड़े के पावन अवसर पर बुधवार को महाकाली धामतीर्थ परिसर में भव्य महापूजा, होम-हवन और महाप्रसाद का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अष्टांग योग पद्धति से त्रिदेवियों की पूजा कर हवन व भजन-कीर्तन किए गए।इस अवसर पर नागपुर से पधारे योगेश रोकड़े द्वारा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु बड़ी संख्या में भक्ति और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। प्रवचन के दौरान प्रख्यात संत पं. शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "सत्संग से कलह मिटता है, मन और आत्मा की शुद्धि होती है तथा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।" उन्होंने कहा कि जब माता सीता ने हनुमानजी को अमरत्व का आशीर्वाद दिया, तब हनुमानजी ने भगवान श्रीराम से द्वापर युग में अपने कर्तव्य के बारे में पूछा। श्रीराम ने कहा कि महाभारत युद्ध में अर्जुन के रथ पर ध्वज रूप में उपस्थित रहना और जब भगवान श्रीकृष्ण गीता उपदेश दें, तब उसे स्वीकार करना। पं. अग्निहोत्री ने बताया कि गीता को स्वीकारने के कारण ही कलियुग में हनुमानजी के गांव-गांव में मंदिर बने हैं और सत्संग स्थल पर वे स्वतः आकर विराजते हैं। यही कारण है कि जब देवी महाकाली की पूजा होती है, तो उनके साथ हनुमानजी के लिए भी एक आसन आरक्षित रखा जाता है। उन्होंने आगे कहा, "संसार की भाषा कलह है, हृदय की भाषा प्रेम है, मन की भाषा लोभ है, बुद्धि की भाषा तर्क है और आत्मा की भाषा मौन है। भगवान के नाम का जप, भजन, कीर्तन और सत्संग से आत्मा की भाषा से हमें सुख, शांति और आनंद की अनुभूति होती है।" उन्होंने सत्संग को पुण्य की प्राप्ति और पापों के नाश का माध्यम बताते हुए सभी श्रद्धालुओं से नियमित सत्संग में भाग लेने का आह्वान किया।

इस पावन अवसर पर राघोबाजी कोरडे, बाबूलालजी दिग्रसे, बाबाराव महाजन, चंद्रभान आसोले, अनिल बोडखे, गणेश काले, माई भक्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**निधन वार्ता** | निधन समाचार के नि:शुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### रवि महादेवराव चापेकर



**वर्धा.** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार रविशंकर उर्फ रवि महादेवराव चापेकर (आयु 56 वर्ष) का हृदय रोग के कारण दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर स्थानीय श्मशानभूमि में किया गया। वे एक मिलनसार और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से परिवार सहित सामाजिक क्षेत्र में भी शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

# नि:शुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

## स्वास्थ्य परीक्षण और योग की जानकारी दी गई

**सौंसर.**






म.प्र. शासन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रिधोरा में नि:शुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। इस माह की थीम थी सामान्य मुख समस्याओं के लिए देखभाल। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोना नाग शिववेदी ने उपस्थित सभी रोगियों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि की स्क्रीनिंग के साथ ही हीमोग्लोबिन परीक्षण और मुख की सामान्य जांच भी की गई। डॉ. शिववेदी ने दांतों और जीभ की नियमित सफाई, धूम्रपान से बचाव, स्वस्थ आहार, पर्याप्त पानी पीने और तनाव कम करने के लिए योग जैसी आदतों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि धूम्रपान से मसूड़ों की बीमारी, मुंह का कैंसर, सांसों की दुर्गंध और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। शिविर में सभी रोगियों को आवश्यक होम्योपैथिक दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर योग के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

योग प्राणायाम के प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा इसके स्वास्थ्य लाभ समझाए गए। इस अवसर पर सरपंच प्राची कैचे, औषधालय स्टाफ छाया मरकाम, अशोक लवाले तथा योग प्रशिक्षक लक्ष्मी देशमुख और योग सहायक रामेश्वरी सनेश्वर भी उपस्थित रहे और शिविर का सफल आयोजन सुनिश्चित किया।

## वृक्षारोपण कर जागरूकता का संदेश



**कामठी.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष युगचंद छल्लानी ने पत्नी लता छल्लानी के साथ मिलकर वैवाहिक जीवन के स्वर्ण जयंती हर्षोल्लास मनाते हुए इष्ट मित्रों सहित सभी ने बारिश में वृक्षारोपण कर पेड़ों की देखभाल करने और उन्हें बचाने का संकल्प लिया। छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव ने कहा, पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के महत्व को समझने का मौका देता है। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, प्राकृतिक संसाधनों को बचाना, प्रदूषण कम करना और जलवायु परिवर्तन के असर को रोकना जरूरी है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने सभी से स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए जिम्मेदारी निभाने की अपील की। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, शिवसेना उबाठा ज़िला संगठक राधेश्याम हटवार, विद्यार्थी सेना युवा नेता आशीष जैन, पप्पू लखोटिया, हेमचंद छल्लानी, त्रिलोकचंद छल्लानी, मनीष छल्लानी, भरत छल्लानी, शेषमल लोढ़ा, तेजराम जैन, भाजपा युवा नेता गोपाल सीरिया, छावनी क्षेत्र कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमेश जेटली, महेंद्र वाही, प्रकाश सुखीजा, महेश अग्रवाल, राधेश्याम खत्री, बाबूलाल हिरणवार, प्रकाश सिरिया, राहुल कनौजिया, मोहन अग्रवाल, राजा जोहार, अश्विनी हांडा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

## इंडियन ओलंपियाड स्कूल का विद्यार्थी उमैद खान नीट सिटी टॉपर



**नागपुर.** इंडियन ओलंपियाड स्कूल अपने छात्र उमैद खान की उल्लेखनीय उपलब्धि का गर्व से जश्न मना रहा है, जिसने नीट यूजी 2025 परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक (एयर) 21 हासिल किया है, और नागपुर शहर का टॉपर बनकर उभरा है। उमैद कक्षा 8वी से कक्षा 12वीं तक ओलंपियाड स्कूल का प्रतिभाशाली छात्र रहा है। सतत शिक्षा के क्षेत्र में जुनून लगन तथा समर्पण के बल पर अप्रतिम प्रदर्शन करने का प्रयास किया है। उमैद एआईआईएमएस दिल्ली से एमबीबीएस करना चाहता है। इसकी सफलता केंद्रित मार्गदर्शन और कठोर शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से प्रतिभा को पोषित करने की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करती है। इंडियन ओलंपियाड स्कूल के संचालक सोहेल खान ने बधाई देते हुए कहा है कि 'वह हमारे सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, दृढ़ संकल्प और अनुशासन से क्या हासिल किया जा सकता है, इसका एक प्रमाण है।' पूरा स्कूल उमैद की असाधारण उपलब्धि की सराहना करते हुए भविष्य में सफलता की कामना करता है।

## रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की कमी से ग्रामीण परेशान



**सौंसर.** क्षेत्र के 40 गांवों के लिए सेवा देने वाले रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो चिकित्सक पदस्थ होने के बावजूद भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सिविल अस्पताल पहुंचे और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शुक्ला के समक्ष केंद्र में चिकित्सक की पूर्णकालिक व्यवस्था करने की मांग की। मंडल भाजपा अध्यक्ष नामदेव पाल सहित ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में डॉ. प्रफुल भोयर और डॉ. आयुष वर्मा की नियुक्ति है, लेकिन डॉ. आयुष वर्मा केवल महीने में चार से पांच दिन ही आते हैं।

वहीं, डॉ. प्रफुल भोयर की ड्यूटी अन्य संस्थानों में भी लगाई जाती है, जिसके कारण ग्रामीण अंचल के कई मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग पचास से अधिक मरीज उपचार के लिए आते हैं, लेकिन चिकित्सक की कमी से उनका समय पर इलाज नहीं हो पाता। ग्रामीणों ने केंद्र में पूर्णकालिक चिकित्सक की व्यवस्था तत्काल लागू करने की मांग दोहराई है। इससे पहले भी सरपंच श्वेता गगन गोहेल ने इस संबंध में अधिकारियों से मांग की थी।

इस मौके पर विजय ठवरे, ईरफान शेख, रविंद्र साखरकर, निलेश चरपे, तुलाराम पराये, राहुल भोयर, गौरव धुंडे, जुगल किशोर गोले, रवि गाढवे, बबलू गुप्ता, श्याम सितकारे, सद्दर खान, तरूण वाडीवा, विजय चौधरी, राजेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भोंसला इंस्टिट्यूट का भारतीय सिविल सेवा करियर पर सफल सेमिनार आयोजित

**नागपुर.**




भोंसला इन्स्टिट्यूट ने भारतीय सिविल सेवा में करियर पर एक सफल सेमिनार शनिवार को होटल सेंटर पॉइंट, रामदासपेठ नागपुर में आयोजित किया। सीएचएमई सोसाइटी के सचिव राहुल दीक्षित ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि भोंसला इन्स्टिट्यूट सीएचएमई सोसाइटी की एक इकाई है जो भोंसला मिलिट्री स्कूल और भोंसला सैनिक स्कूल चलाती है।

उन्होंने सीएचएमई सोसाइटी की यात्रा, इसकी समृद्ध विरासत और विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोसाइटी के नए उद्यम 'भोंसला इन्स्टिट्यूट ' को लॉन्च करने के पीछे के विचार पर प्रकाश डाला, जो सिविल सेवा उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करने के लिए एक अकादमी है। प्रो. डॉ. कविता पी. जाधव ने यूपीएससी, एमपीएससी और अन्य राज्य सिविल सेवाओं के सभी पहलुओं को कवर करते हुए विस्तृत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को देश की शीर्ष प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को भोंसला इन्स्टिट्यूट में विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल के बारे में भी बताया जो उन्हें सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में मदद करेंगे। इन्स्टिट्यूट में प्रवेश सोमवार, 16 जून 2025 से 293, सीताराम स्मृति, पश्चिम उच्च न्यायालय रोड, धरमपेठ नागपुर में शुरू होंगे। अधिक जानकारी के लिए छात्र 8668597907/9021275924 पर संपर्क कर सकते हैं या इन्स्टिट्यूट की वेबसाइट www.bhonsalainstitute.org पर जा सकते हैं। सेमिनार में सूर्यरतन डागा, अध्यक्ष सीएचएमई सोसाइटी, राहुल दीक्षित, सचिव सीएचएमई सोसाइटी, तरुण पटेल, सदस्य सीएचएमई सोसाइटी और प्रोफेसर डॉ. कविता पी. जाधव, मुख्य समन्वयक, भोंसला इन्स्टिट्यूट उपस्थित थे। सेमिनार को छात्रों और अभिभावकों ने खूब सराहा।

## डॉ. कविता चांडक ने नीदरलैंड में 'आईट्रोजेनिक ऑटिज्म' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया



**नागपुर.** नागपुर की प्रख्यात और अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथ डॉ. कविता चांडक ने नीदरलैंड के यूट्रेक्ट शहर में आयोजित एलएमएचआई 2025 वर्ल्ड होम्योपैथी कांग्रेस में 'आईट्रोजेनिक ऑटिज्म' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत कर भारत का नाम गौरव से ऊंचा किया। उन्हें इस विश्व स्तरीय मंच पर अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ. चांडक के व्याख्यान का विषय था. 'आईट्रोजेनिक ऑटिज्म: चिकित्सकीय लापरवाही के दुष्परिणाम'। उन्होंने अपने साक्ष्य-आधारित केस स्टडीज़ के माध्यम से यह बताया कि किस तरह जन्मपूर्व चिकित्सकीय हस्तक्षेप, जैसे अत्यधिक एचसीजी इंजेक्शन या बिना चिकित्सकीय आवश्यकता के सीज़ेरियन ऑपरेशन, बच्चों में ऑटिज्म और एडीएचडी जैसी स्थितियों का कारण बन सकते हैं। अपने भाषण में डॉ. चांडक ने दो चौंकाने वाले केस साझा किए. एक मां को गर्भावस्था के दौरान बिना ज़रूरत के 60 एचसीजी इंजेक्शन दिए गए, जिससे बच्चा ऑटिस्टिक हुआ। दूसरे केस में प्रसव की निर्धारित तिथि से 20 दिन पहले सिर्फ़ डॉक्टर की सुविधा के लिए सर्जरी की गई, जिसके चलते बच्चा पूरी तरह विकसित नहीं हो पाया और उसे ऑटिज्म व एडीएचडी का सामना करना पड़ा। डॉ. चांडक ने इन जटिल मामलों के होम्योपैथिक प्रबंधन और निवारण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी, यदि सही समय और दृष्टिकोण से उपयोग की जाए, तो इन विकारों में उल्लेखनीय सुधार ला सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा, "एक सफल केस सौ किताबों के बराबर होता है।" नीदरलैंड जाने से पहले, डॉ. चांडक ने रूस में आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार में गट माइक्रोबायोम और मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया, वहीं अंकारा (तुर्की) में उन्होंने त्वचा, किडनी और नर्वस सिस्टम से संबंधित गंभीर बीमारियों पर होम्योपैथिक सफलता के केस साझा किए। विश्व कांग्रेस के बाद वे प्राग और रोमानिया भी गईं, जहां उन्होंने ऑटोइम्यून बीमारियों के होम्योपैथिक समाधान पर व्याख्यान दिए। डॉ. चांडक ने इस वैश्विक मंच पर आमंत्रित करने के लिए अन्ना त्सिबुल्स्काया, डॉ. एलेक्सी सतवालोव, डॉ. फ्रैंस कुसे, हाना वावरोव्स और अन्य आयोजकों को आभार व्यक्त किया। डॉ. कविता चांडक का कहना है, 'होम्योपैथी कोई धीमी चिकित्सा पद्धति नहीं है। यदि सही प्रकार से उपयोग की जाए, तो यह जीवन बदलने वाली साबित हो सकती है. यही मैं दो दशकों से अपने मरीजों में देख रही हूं।'

## डॉ. गोपाल अग्रवाल के भक्तिगीतों की शूटिंग संपन्न

**नागपुर.**

नगर के सुविख्यात भक्तिगीत गायक 'सुरश्री' डॉ. गोपाल अग्रवाल के चार नये भक्तिगीतों की शूटिंग हाल ही नोएडा फ़िल्म सिटी स्थित संस्कार टीवी चैनल के स्टूडियो में संपन्न हुई, जिसमें हे राम राम रघुनन्दा, अम्बे अम्बे का नाम रटो हरदम, अम्बे को रटले बावरे और मेरा नमस्कार जननी को भक्तिगीतों का समावेश है। शीघ्र ही इन सभी भक्तिगीतों का प्रसारण अनेक सुप्रसिद्ध टीवी चैनलों पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. अग्रवाल के भक्तिगीतों का प्रसारण विगत 11 वर्षों से सतत जारी है।

## 'गीत प्रतिभा' और 'मृगजल के पीछे' पुस्तकों का भव्य प्रकाशन

### नाटककार प्रतिभा कुलकर्णी की पुण्यतिथि पर साहित्य, संस्कृति और स्मृतियों का भावपूर्ण संगम





नागपुर. प्रसिद्ध नाटककार प्रतिभा कुलकर्णी की पुण्यतिथि के अवसर पर पद्मगंधा साहित्य प्रतिष्ठान का आयोजित 'गीत प्रतिभा- काव्यमय श्रीमद्भगवद्गीता' तथा 'मृगजल के पीछे और अन्य नाटक' इन दो पुस्तकों के प्रकाशन समारोह ने साहित्यिक वातावरण को भावविभोर कर दिया। यह समारोह रानी लक्ष्मीबाई सभागृह में अत्यंत भव्य और गरिमामय रूप में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठान की अध्यक्ष शुभांगी भडभडे ने की। मंच पर विधायक संदीप जोशी, कुलगुरु डॉ. पंकज चांदे, नाटककार डॉ. पराग घोंगे, माला केकतपुरे, श्रीकांत कुलकर्णी, डॉ. प्रशांत कुलकर्णी और अंजली नारला उपस्थित रहे। शुभांगी भडभडे ने अपने मनोगत में प्रतिभा कुलकर्णी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'पद्मगंधा नाट्य महोत्सव की सफलता और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में उसका नाम दर्ज होने का श्रेय प्रतिभा के अपार समर्पण को जाता है।' डॉ. पराग घोंगे ने 'मृगजल के पीछे और अन्य नाटक' पर अपने विचार साझा करते हुए इसके नाटकों की प्रभावशीलता और मंचीय यात्रा का उल्लेख किया। डॉ. पंकज चांदे ने 'गीत प्रतिभा' में मराठी ओवीबद्ध श्रीमद्भगवद्गीता की रचनात्मक सौंदर्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में माला केकतपुरे, अंजली नारला और उनकी नातिन रूही करण काले ने प्रतिभा कुलकर्णी से जुड़ी अपनी भावनात्मक स्मृतियाँ साझा कीं। रेणुका मोहरीर और वैष्णवी मोकाशी ने पुस्तकों को पालकी में शोभायात्रा के रूप में मंच तक लाकर साहित्य को श्रद्धांजलि दी।

वैष्णवी मोकाशी ने 'वरदे वरदे वीणा वादिनी वरदे' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। राधिका राजंदेकर और नेहा मुंजे ने अपनी सशक्त कविताओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सूत्र संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. स्वाति मोहरीर ने किया। इस आयोजन की सफलता में अलका मोकाशी, डॉ. मानसी कोलते और कुलकर्णी परिवार का विशेष योगदान रहा।

## स्वामी आत्मबोधानंद का अर्धनारीश्वर मंदिर में भव्य स्वागत

### 108 कुंडीय आत्मबोध महायज्ञ का लिया संकल्प



**सौंसर.** अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय के प्रबल पक्षधर दासानुदास आत्मबोधानंद पीठाधीश्वर, स्वामी आत्मबोधानंद का अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में आगमन हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोपाल वंजारी, स्वानंद गौशाला के संचालक जितेन्द्र भकने, मंदिर कमेटी के सदस्य नितिन ढोबले, दिनेश बांगड़े सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया। स्वामी आत्मबोधानंद का वास्तविक नाम डॉ. अनिल मिश्र है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग में उच्च पदों पर कार्य किया है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) में सलाहकार के रूप में योगदान दिया है। उन्होंने इस पवित्र मंदिर में 108 कुंडीय आत्मबोध महायज्ञ करने का संकल्प लिया है। इस महायज्ञ में महामृत्युंजय मंत्र समेत पांच वैदिक मंत्रों की लगभग चार लाख आहुतियां दी जाएंगी। यह आयोजन तीन से पांच दिनों तक चलेगा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मानों से सम्मानित स्वामी आत्मबोधानंद महाराज चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र उत्थान के उद्देश्य से विश्व कल्याण के लिए देश-विदेश में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।




## सीआरपीएफ का एक जवान शहीद
## ओडिशा-झारखंड बॉर्डर पर आईईडी ब्लास्ट



**भुवनेश्वर.** ओडिशा -झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान शहीद हो गया. अधिकारियों ने बताया कि शहीद जवान, सहायक उपनिरीक्षक सत्यवान कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले थे. वह सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का हिस्सा थे. वह माओवादियों की तरफ से लूटे गए विस्फोटकों का पता लगाने और उन्हें बरामद करने के लिए ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में शामिल थे. सीआरपीएफ ने बताया कि जब हमारी पूरी टीम जंगल में तलाशी ले रही थी, उसी समय एक छिपे हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस में विस्फोट हो गया. विस्फोट इतना भयानक था कुि उसमें एएसआई सत्यवान कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. सीआरपीएफ ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में राउरकेला के एक अस्पताल में ले जाया गया,जहां उनकी मौत हो गई. सीआरपीएफ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर सत्यवान की साहस को नमन किया. उन्होंने लिखा कि राउरकेला (ओडिशा) के लांगलकाटा क्षेत्र में चल रहे माओवाद विरोधी अभियान के दौरान शनिवार को हुए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन के बहादुर सहायक उप निरीक्षक सत्यवान कुमार सिंह ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी. इसके आगे उन्होंने लिखा कि सीआरपीएफ अपने शूरवीर के अदम्य साहस, शौर्य एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण को नमन करती है. हमारे बहादुर योद्धा के अदम्य साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण को सीआरपीएफ सलाम करता है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 267-5 | 678-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 189-8 | 225-9 |

